वर्ष-01, अंक-179
छपरा
बुधवार 1 मई 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी बोले- कांग्रेस वाले मुसलमानों को रातोंरात OBC बनाते हैं

## जब तक मैं जिंदा हूं, धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दूंगा

**मुंबई,एजेन्सी।** तेलंगाना के संगारेड्डी में मंगलवार (30 अप्रैल) को पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस वाले मुसलमानों को रातोंरात OBC बना देते हैं। हमारे तेलंगाना में जो लिंगायत, मराठा समाज के लोग हैं, उसमें 26 जातियां ऐसी हैं जो OBC में जाने की मांग कर रही हैं। लंबे समय से इसपर चर्चा चल रही है। कांग्रेस वालों को मराठा, लिंगायत, इन 26 जातियों को OBC बनाना मंजूर नहीं है।

जब तक मैं जिंदा हूं, SC, ST और OBC की कीमत पर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र और तेलंगाना के दौरे पर हैं। संगारेड्डी से पहले वे महाराष्ट्र के धाराशिव, माढा और लातूर में सभाएं



कर चुके हैं।

**मोदी बोले- मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिक रहे** :धाराशिव में पीएम मोदी ने कहा- जो विरोधी भाजपा सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे, वे सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो चलाकर तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

अब उनकी हालत ऐसी है कि जब उनका झूठ काम नहीं कर रहा तो वे मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बेच रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए।

मोदी ने कहा- हमारी सरकार दुनियाभर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने पर जोर दे रही है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि बाजरा दुनियाभर में खाने की मेज तक पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मेरे लिए राजकीय रात्रिभोज दिया था, उसके मेन्यू में बाजरा था।

### माढा में पीएम बोले- कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था

मोदी ने माढा में कहा- कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था। जिसके पास 400 सांसद थे, अब वो 250 लोगों को चुनाव भी नहीं लड़वा पा रही है।आपको कांग्रेस के एक्सरे से सावधान रहना है। कांग्रेस के शहजादे गली-गली घूमकर कह रहे हैं कि उनको मौका मिलेगा तो वो आपका एक्सरे निकालेंगे। आपके घर में पड़े सोने और संपत्ति का ये हिसाब लगाएंगे। इसके बाद इसे बांट देंगे। कांग्रेस वाले विरासत टैक्स की भी बात कर रहे हैं। कांग्रेस कहती है कि जो आप बचत करते हैं उस पर सरकार का भी हक होगा। ये मार्क्सवादियों और नक्सलवादियों की विचारधारा है।

प्रधानमंत्री मोदी शाम को तेलंगाना के जहीराबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी ने 29 अप्रैल को महाराष्ट्र के सोलापुर, सातारा, पुणे और कर्नाटक के बागलकोट में रैलियां की थीं।

# केके पाठक ने DEO-DPO का वेतन रोका

## बिहार में शिक्षकों के वेतन भुगतान में देरी पर हुई कार्रवाई, पूछा-विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं की जाए

**पटना,एजेन्सी।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने सभी जिलों के DEO-DPO (स्थापना) का अप्रैल माह का वेतन रोक दिया है। यह कार्रवाई शिक्षकों को वेतन नहीं मिलने और देरी से भुगतान को लेकर की गई है। इसके साथ ही DEO-DPO (स्थापना) से स्पष्टीकरण पूछा गया है, जिसका जवाब 24 घंटे में देना है। स्पष्टीकरण में पूछा गया है कि आप पर विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं की जाए।

**समीक्षा के बाद डीईओ पर की गई कार्रवाई :** दरअसल, 29 अप्रैल को केके पाठक ने नियोजित और BPSC से चयनित शिक्षकों के वेतन भुगतान से संबंधित कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि डीईओ-डीपीओ के स्तर से वेतन भुगतान में देरी हुई है। इसके बाद मंगलवार को निदेशक प्रशासन सुबोध कुमार चौधरी की ओर से डीईओ को पत्र लिखा गया।

**यह घोर लापरवाही है :** पत्र में कहा गया कि शिक्षकों के वेतन भुगतान को लेकर अपर मुख्य सचिव का आदेश है। साथ ही सभी नियोजित शिक्षकों का मार्च माह का वेतन भुगतान भी अभी तक नहीं किया गया है। कई बार ससमय वेतन भुगतान सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश दिया गया है।

# लोकसभा चुनाव-2024 :कांग्रेस ने 4 प्रत्याशी घोषित किए

## गुरुग्राम से राज बब्बर को टिकट; अनंतनाग-राजौरी में अब 25 मई को वोटिंग

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** कांग्रेस ने मंगलवार (30 अप्रैल) की शाम 4 लोकसभा उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। पार्टी ने हरियाणा की गुरुग्राम सीट से राज बब्बर की टिकट दिया है। हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट से आनंद शर्मा, हमीरपुर से सतपाल रायजादा और महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ लोकसभा सीट से भूषण पाटिल को मैदान में उतारा है।वहीं, जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर 7 मई की जगह अब 25 मई को मतदान होगा। यहां मौजूद सभी पॉलिटिकल पार्टियों ने EC को रिपोर्ट सौंप कर तारीख बदलने की मांग की थी। इसमें कहा गया है कि क्षेत्र में मौसम की स्थिति खराब बनी हुई है। इसलिए वोटिंग की तारीख बदली जाए। जिसे कमीशन ने मान लिया है।

# SC-ST समुदाय के 4 संत महामंडलेश्वर नियुक्त



## आयोजक बोले- 1300 साल में ऐसा पहली बार हुआ, समानता के सिद्धांत को बढ़ावा देने के लिए फैसला

**अहमदाबाद,एजेन्सी।** संत समाज के इतिहास में पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के संतों को महामंडलेश्वर बनाया गया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, अहमदाबाद द्वारा आयोजित समारोह में गुजरात के साधु-संतों की मौजूदगी में गुजरात के 4 संतों को महामंडलेश्वर की पदवी दी गई।

पूजा, जप और अभिषेक के बाद संतों-महंतों ने चारों महामंडलेश्वर का जल, दूध, पंचामृत, शहद आदि से अभिषेक किया।

नेशनल इंटेलेक्चुअल एडवाइजरी के मुख्य रणनीतिकार राजेश शुक्ला ने बताया कि ये 1300 साल में पहली बार है कि जब स्ट-स्ज्ञ समुदाय के संतों को महामंडलेश्वर की उपाधि दी गई। हिंदू धर्म में समानता के सिद्धांत को बढ़ावा देने के लिए ये फैसला किया गया है।

**अखाड़े के जो भी नियम होंगे, उनका पालन किया जाएगा** :शुक्ला के मुताबिक, इसके लिए हम 4 साल से प्रयास कर रहे थे। हमारा उद्देश्य है कि हिंदू धर्म मुक्त हो यानी सनातन धर्म भाषा और क्षेत्रवाद की बेड़ियों से आजाद हो। अगले 3-4 साल में हम ऐसे 100 महामंडलेश्वर बनवाएंगे।

शुक्ला ने बताया कि समता मूलक समाज की स्थापना के लिए संत समाज ने सदियों पुरानी परंपराओं को बदलने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसमें हर संत-महंत का सहयोग मिला। ये एक मुश्किल काम था, लेकिन बहुत आसानी से हो गया। आज से चारों संत बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों के साथ रहेंगे। अखाड़े के जो भी नियम होंगे उनका पालन किया जाएगा।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महासचिव महंत हरि गिरि महाराज, स्वामीनारायण के महंत पुरुषोत्तमदास महाराज शामिल हुए।

### इन संतों को महामंडलेश्वर बनाया गया

संत श्री शनलदास मंगलदास, दासी जीवन की जगह, गोंडल, राजकोट
संत श्री शामलदास प्रेमदास, कबीर मंदिर, भावनगर
संत श्री किरणदास, वाल्मीकि अखाड़ा, भावनगर
संत श्री कृष्णवदन महाराज, संत अकल साहेब समाधि स्थान, सुरेंद्रनगर

# बेगूसराय में अगलगी से 30 घर जलकर राख



## 50 लाख से अधिक का नुकसान, बेटी की शादी के लिए रखा पैसा-जेवर भी जला

**बेगूसराय,एजेन्सी।** बेगूसराय में आज दोपहर आग ने भीषण कहर बरपाया है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण 30 घर जलकर राख हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही अंचल प्रशासन के अधिकारी क्षति का आकलन एवं तत्काल मुआवजा देने के प्रयास में लगे हुए हैं। घटना कोरियामा पंचायत स्थित बड़ी केवाल गांव वार्ड नंबर-5 एवं 6 की है। बताया जा रहा है कि अमरजीत यादव के घर में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। इस दौरान तेज धूप और हवा रहने के कारण सभी लोग अपने-अपने घरों में थे। हल्ला होते ही लोग दौड़े, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया।

**बेटी की शादी के लिए रखा पैसा-जेवर भी जला :** स्थानीय लोगों ने चापाकल और मोटर के सहयोग से काफी कोशिश के बाद आग को आगे बढ़ने से रोका, लेकिन तब तक 25-30 घर चपेट में आ चुका था। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई तो एक घंटे बाद टीम पहुंची, तब तक इन परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया था। आग लगने के बाद जान बचाने के लिए घर के छत पर से कूदी अमरजीत यादव की बेटी सोनाली कुमारी का पैर टूट गया है। वहीं, पीड़ित परिवारों का एक सौ क्विंटल से अधिक अनाज, कपड़ा, बर्तन, बिछावन, जमीन की कागजात, सर्टिफिकेट, जेवरात, नगद रुपया सहित अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। 50 लाख से अधिक की क्षति बताई जा रही है। आग लगने से दो बाइक, कई साइकिल, 10 से अधिक बकरी, दो गाय एवं 50 से अधिक मुर्गा के भी जल जाने की सूचना है। इस भीषण अग्निकांड में अमरजीत यादव एवं प्रमोद यादव के घर में बेटी की शादी के लिए रखा गया रुपया एवं जेवर जलने से कोहराम मचा हुआ है।

### पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तथा पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए प्रशासन से राहत और मुआवजा देने की मांग किया है। भीषण अग्निकांड की सूचना मिलते ही बीडीओ हरिमोहन कुमार, सीओ राजन कुमार एवं पुलिस भी मौके पर पहुंचे हुए हैं। सीओ ने बताया कि क्षति का आकलन किया जा रहा है। पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसार राहत और मुआवजा दिया जाएगा।




# एनडीए के घटक दलों की बैठक में बनी रणनीति

## सांसद सिग्रीवाल 4 मई को करेंगे नामांकन

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** एनडीए गठबंधन का एकदिवसीय बैठक एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह के रसूलपुर चट्टी स्थित आवास पर आयोजित किया गया।पूर्व विधायक धूमल सिंह के नेतृत्व में आयोजित बैठक में भाजपा,जदयू और लोजपा के सैकडों कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।बैठक में आगामी 04 मई को सांसद सिग्रीवाल के नामांकन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में जाने के लिए कार्यकर्ताओं को आगाह किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक धूमल ने देश में चुनाव की तैयारी को लेकर कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन की सीटें 400 के पार होगा महाराजगंज प्रत्याशि सीग्रीवाल को हमें हर स्तर पर लगकर विगत चुनाव से अधिक मतों से जिताना होगा।मौके पर सुदामा तिवारी,राजेश्वर सिंह,चैतेन्द्रनाथ सिंह,अविनाशचन्द्र उपाध्याय,जीतेन्द्र सिंह,प्रमोद सिंह,रौशन सिंह भवानी,सुनरदेव राम,सुनील सिंह,शंकर सिंह,विकास जी,रोहित ,उमेश तिवारी आदि थे।



## अप आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर पूर्णिया का बालक घायल

**एकमा (सारण)।** मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सीवान रेलखंड पर स्थित एकमा स्टेशन के समीप नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के हेकाम-हंसराजपुर गांव के समीप अप आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन में दरवाजे की ओर जाने के दौरान अचानक एक 10 वर्षीय बालक दरवाजे से नीचे गिर पड़ा। इस दौरान ट्रेन के यात्रियों के द्वारा शोर मचाने पर तत्काल अप आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड ने इसकी सूचना एकमा स्टेशन मास्टर, जीआरपी व आरपीएफ को दी। आसपास के युवकों ने एकमा थाने की पुलिस के सहयोग से घायल बालक को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.आयुषमान कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बालक को बेहतर चिकित्सा के सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल का उपचार चल रहा है।इस संबंध में जीआरपी के पुलिस अवर निरीक्षक बाबूराम यादव ने बताया कि घायल बालक की पहचान पूर्णिया जिले के कसवा थाना क्षेत्र के तखतिया गांव के मोहम्मद कासिम के पुत्र मोहम्मद अहमद ( 10 ) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मोहम्मद अहमद गोपालगंज के एक मदरसा में पढ़ाई करता है। वह अप आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन से सीवान जा रहा था। लेकिन रास्ते में वह ट्रेन से गिरकर घायल हो गया।



# चार घर और खेत व बांसवाड़ी में आग लगने से लाखों रूपए की संपति जली

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के खजुरी गांव के वार्ड -13 में उच्च क्षमता के तार से शार्ट सर्किट से चिंगारी से नीचे खरपतवार में आग लग गई। आग की चपेट में देखते ही देखते मकान में आग लग गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते मकान को जला दिया जिसमें रखा कपड़ा,खाने का सामान, बिछावन और बाइक जल गयी। अग्निकांड पीड़ित खजुरी गांव निवासी रौशन कुमार महंतों पिता बृजकिशोर महंतों हैं। मौके पर घटना की सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। वहीं सोनौली गांव में वार्ड -4 में भी ममता देवी पति सुधीर भगत के करकटनुमा मकान में आग लग गई। आग से मकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। धरमासती गांव में चूल्हे से निकली राख से उड़ी चिंगारी से जंगलों में आग लग गई आग ने देखते ही देखते धरमासती गांव निवासी ओमप्रकाश राय और वकील राय की फूसनुमा पलानी जलाकर राख कर दी। वहीं बहरौली नहर के पास जंगल और बांसवाड़ी में आग लग गई। फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया।

# गुरुवार को रुडी करेंगे नामांकन, रक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ कई दिग्गज होंगे शामिल

## रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा होंगे शामिल

- *जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी करेंगे शिरकत*
- *जितनराम मांझी के पुत्र व राज्य सरकार में मंत्री सुमन मांझी भी होंगे शामिल*
- *सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन और प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर होंगे उपस्थित*
- *1030 बजे कलेक्ट्रेट में रुडी नामांकन पत्र दाखिल करेंगे*
- *नामांकन के बाद राजेन्द्र स्टेडियम छपरा में आशीर्वाद सभा का आयोजन*

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रुडी सारण लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार के रूप में गुरूवार 02 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार रुडी सुबह साढ़े दस बजे कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके बाद राजेन्द्र स्टेडियम छपरा जायेंगे जहां नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया है। रुडी के नामांकन कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जद यू के राज्यसभा सांसद संझय झा, हम से राज्य सरकार में मंत्री सुमन मांझी, जद यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन, प्रदेश महामंत्री सह सारण के प्रभारी जगन्नाथ ठाकुर समेत कई दिग्गज शामिल होंगे। लोकसभा निर्वाचन में सारण लोकसभा क्षेत्र का विशेष महत्व है। यह सीट बिहार के पूर्वांचल पर विशेष असर डालता है। घनी आबादी वाले यह क्षेत्र कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी के अधीन रहा है। यहाँ से चौथी बार के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी इस बार अपनी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के संदर्भ में सांसद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नामांकन के उपरान्त राजेन्द्र स्टेडियम छपरा में एक आशीर्वाद सभा का आयोजन किया जायेगा। नामांकन समारोह और आशीर्वाद सभा में कई दिग्गजों के साथ राजग परिवार के सभी सदस्य दलों के कार्यकर्ता व आम नागरिक उपस्थित होंगे।

# जमीनी विवाद में मारपीट में एक शख्स घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चांद कुदरिया गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में शंभू राय उम्र 44 वर्ष पिता लालबहादुर राय घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल ने बताया कि जमीनी विवाद में मारपीट हो गई जिसमें वह घायल हो गया।

## जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर एकमा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के नरहनी गांव में छापेमारी कर जानलेवा हमले के फरार आरोपित पिंटू मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि फरार आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने के चलते न्यायालय में मामला लंबित चल रहा था। पुलिस ने उम्मीद जताई की फरार आरोपित की गिरफ्तारी हो जाने के बाद मामले के निष्पादन अब तेजी आयेगी।

# चौकीदार का असामयिक निधन, शोक सभा में दी गई श्रद्धांजलि

**एकमा (सारण)।** एकमा थाने में पदस्थापित चौकीदार परसागढ़ विशुन टोला गांव के निवासी नारायण मांझी ( 50 ) का आकास्मिक निधन उनके पैतृक आवास पर हृदय गति रूक जाने से हो गया। बताया गया है कि वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार रिविलगंज स्थित सरयु नदी के सेमरिया घाट पर किया गया। जहां मुखाग्नि उनके पुत्र पप्पू मांझी ने दी।

इस बीच एकमा थाना परिसर में एक शोक सभा आयोजित कर चौकीदार नारायण मांझी के असामयिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शोक व्यक्त करने वालों में एकमा थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक नीतू कुमारी, शिवानी शरण सेठ समेत चौकीदार अशोक मांझी, जमादार मांझी, राजू कुमार, राजकुमार राय, राहुल कुमार सिंह, प्रदुमन तिवारी, मुन्ना प्रसाद, सुदीश मांझी, हरिमोहन मांझी, सुजीत कुमार मांझी, मुनचुन मांझी आदि अन्य शामिल हैं। एकमा थाने के चौकीदारों ने बताया कि नारायण मांझी काफी व्यवहार कुशल व मिलनसार व्यक्ति थे। वह अपनी ड्यूटी के प्रति काफी सजग रहते थे।




# प्रभारी प्रधानाध्यापिका के सेवानिवृत्त पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत अवस्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, मशरक पूरब टोला की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी विभा सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुमारी विभा सिन्हा वर्ष 2007 में नियोजित शिक्षिका के रुप योगदान करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका का दायित्व निभा रही थीं।इस अवसर पर बोलते हुए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती डॉ.वीणा कुमारी ने कहा कि 60 वर्ष की सेवा के बाद हर कर्मी को सेवानिवृत्त होना होता है जबकि शिक्षक की एक ऐसा कर्मचारी है, जो कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है।उन्होंने कहा कि कुमारी विभा सिन्हा ने बखूबी अपना दायित्व निभाया है। विद्यालय की वरीय शिक्षिका बबीता कुमारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका के रुप में कार्यभार भी संभाल लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार सिंह, सुनील सिंह, विनय नन्दलाल, कंचन जी, शिक्षक अभिषेक अमृतांशु, तेरस कुमारी, शिक्षिका रीता सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# भैसुर को आरोपित कर दर्ज कराई प्राथमिकी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के पियरपुरवां मिर्जापुर निवासी शैलेश कुमार पाण्डेय की पत्नी निर्मला देवी ने अपने भैसुर व अन्य पर गाली गलौज और धमकाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रथमिकी में कहा है कि वह अपने घर पर अपनी बेटी के साथ अकेली थी। उसके पति घर पर नही थे तभी आरोपी उसके दरवाजे पर पहुंच गए और गाली गलौज करने लगे। इस दौरान सभी ने जान माल को क्षति पहुंचाने की धमकी दी। बताया कि उनका पहले से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर आरोपी उसके लड़कों को भी गलत मुकदमें में फंसा देने के लिए धमकाते है।

# दो युवकों को मारपीट कर बुरी तरह से किया जख्मी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के बहुआरापट्टी में आपसी विवाद को लेकर कुछ युवकों ने मिलकर दो युवकों को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना को लेकर जख्मी के पिता बलराम कुमार साह ने फर्द बयान पर एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक में कहा है कि उनके दो पुत्र अभय कुमार और उदय कुमार गांव से ही बारात गए थे। दोनों पिकअप से बरात से वापस घर लौटे और गांव के सुनील सिंह के घर के पास उतारकर वे अपने घर लौट रहे थे। तभी प्रमोद कुमार महतों उसका बड़ा भाई, राहुल कुमार महतों, नितेश कुमार महतों, सुनील कुमार महतों, छोटू महतों, राजा कुमार, विजय कुमार महतों, विकास महतों, सभी ने मिलकर उसके दोनों पुत्रों के साथ मारपीट किया जिससे वे दोनों बुरी तरह से जख्मी हो गए।



# बिजली के शार्ट सर्किट से लगीं आग बाइक समेत अन्य सामान जलें

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के खजुरी गांव के वार्ड -13 में उच्च क्षमता के तार से शार्ट सर्किट से चिंगारी से नीचे खरपतवार में आग लग गई। आग की चपेट में देखते ही देखते मकान में आग लग गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते मकान को जला दिया जिसमें रखा कपड़ा,खाने का सामान, बिछावन और बाइक जल गयी। अग्निकांड पीड़ित खजुरी गांव निवासी रौशन कुमार महंतों पिता बृजकिशोर महंतों हैं। मौके पर घटना की सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे खजुरी मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय ने सरकारी सहायता दिलवाने का भरोसा दिलाया।

# शादी की नियत से एक किशोरी का अपहरण

**मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र से शादी की नियत से एक किशोरी के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर अपहृता की मां ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिक में पुरानी बाजार निवासी कम मियां का पुत्र एजाज अहमद उर्फ लालू उसकी मां फरीदा खातून और बहन सितारा खातून को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि उसकी पुत्री घर से आपकी सहेली के यहां जाने को बोलकर निकली थी। जब वह शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की गी। खोजबीन में जब जानकारी मिली तो उसने एजाज अहमद की परिजनों से लड़की को वापस बुलाने को कहा। आरोपियों ने तब गाली गलौज की और उसे अपने घर से भगा दिया।

# अग्निकांड पीड़ित दस परिवारों को सीओ ने सौंपा मुवाअजा चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में 10 अग्निकांड पीड़ितों को सीओ सुमंत कुमार ने बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से मुवाअजा का चेक सौंपा। मौके पर प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह,डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, अंचल नाजिर मिथलेश कुमार, बहरौली कर्मचारी अविनाश कुमार,उप सरपंच जयकिशोर प्रसाद, वार्ड सदस्य मुकेश कुमार ओझा समेत अन्य मौजूद रहें। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि अंचल क्षेत्र के बहरौली,डुमरसन मे विभिन्न कारणों से आग लगने से 10 लोगों का मकान जल गया था जिसमें सभी पीड़ित परिवार को 12 -12 हजार रुपए का चेक मुवाअजा के रूप में दिया गया।



# बनियापुर में इंडिया गठबंधन की कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस प्रत्याशी का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** बनियापुर में इंडिया गठबंधन की कार्यकर्ता सम्मेलन में आकाश सिंह का फूल माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया। जहॉ आकाश सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तेरा मन की बात करने नहीं आया आप सब का बात सुनाने आया हूं। वही महराजगंज से कंाग्रेस प्रत्याशी आकाश प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा लालू प्रसाद को गरीब के आवाज उठाने के लिए जेल में डाल देती है, ईडी सीबीआई तो ऐसे आती है जैसे फूफा जी हो जब मन करता है एक दो महीने में आ चाय पीने पहुचे रहते है। उन्होंने भाजपा पर बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाने वाला पार्टी बताया, महराजगंज लोकसभा से महा गठबन्धन के प्रत्याशी बनाये जाने के बाद आज कंाग्रेस प्रत्याशी आकाश प्रसाद के पहले कार्यकर्ता सम्मेलन में बनियापुर में बेटे के साथ पहुचे कंाग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और भाजपा और पीएम मोदी को किसान और विकास विरोधी बताते हुए जमकर हमला किया, वही इस कार्यकर्ता सम्मेलन।में आकाश ने बताया कि भाजपा गरीबों की आवाज दबाना चाहती है, इसलिए विरोधियों को परेशान करती है, उन्होंने 6 मई को नामांकन दाखिल करने की जानकारी भी दी और अपने जीत के प्रति आस्वस्त दिखे।



# भेल्दी में दो घरों से नगदी समेत लाखों के आभूषण की हुई चोरी

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के सरायबक्स गांव में सोमवार की रात चोरों ने दो घरों से नगदी समेत लाखों के जेवर की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के सरायबक्स गांव के मिथिलेश्वर कुमार सिंह उर्फ मंशी जी के घर के सभी परिजन मंगलवार की रात अपने-अपने कमरे में सोए हुए थे तभी अज्ञात चोरों ने घर के पीछे छत पर चढ़कर सीढ़ी के सहारे घर में प्रवेश कर गए और तीन कमरों में घूसकर अलमीरा व बक्से को तोड़कर करीब 50 हजार रूपए नगदी समेत सोने की टॉप्स, सिकड़ी, मंगटिका, अंगूठी,चांदी की पायल समेत करीब 4 लाख रूपए के जेवर की चोरी कर फरार हो गए।गृहस्वामी मिथिलेश्वर कुमार सिंह के कमरे में जब नकाबपोश चोर घूसे तो आवाज सुन जब गए तो दोनों भागने लगे।हालांकि वे चोरों का पीछा भी किए मगर पीछे के दरवाजे से फरार हो गए।जेवर की चोरी होने के बाद काफी चिंतित हैं।चोरी की दूसरी घटना सरायबक्स गांव के ही योगेन्द्र सिंह के घर घटित हुई।चोरों ने घर के दरवाजे के खुली खिड़की के सहारे भीतर से लगे दरवाजे को खोलकर घर के अंदर घूस गए और दो कमरे से ब्रीफकेश और ट्रॉली बैग को खोलकर 10 हजार नगदी समेत सोने के आभूषण की चोरी कर पिछले दरवाजे के सहारे फरार हो गए।परिजन रात्रि में ही चोरी की सूचना भेल्दी पुलिस को दी।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई।समाचार प्रेषण तक थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी है। चोरों ने नगदी रूपए व जेवर की चोरी करने के साथ ही फ्रीज में



रखे पानी की बोतल,मिठाई व ड्राई फूड भी चुरा ले गए।इतना ही चोरों ने नए कपड़ों पर शौच कर फरार हो गए।चोरों ने चोरी में इस्तेमाल किए गए रड को छोड़कर चले गए।बताते चलें कि भेल्दी थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर लाखों की चोरी की भीषण वारदातें हुई हैं।23 अप्रैल को भेल्दी थाने के रज्जूपुर गांव के संतोष राय व रेयाजुदीन अंसारी के घर से चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवर की चोरी कर ली थी।पुलिस अभी जांच पड़ताल में लगी हुई थी कि चोरों ने ठीक अंदाज में सरायबक्स गांव में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।इधर,भेल्दी थाने में चोरी की बढ़ रही घटनाओं से थाना क्षेत्र के लोग काफी भयाक्रांत है।



## गोसी छपरा बहेड़ा गाछी में लगी आग, पेड़ झुलसे

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा बहेड़ा गाछी में अचानक आग लगने से कई फलदार पेड़ व बांसवारी झुलस गए।

मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के गोसी छपरा बहेड़ा गाछी में अचानक आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई।ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।हालांकि आग लगने कई फलदार वृक्ष व बांस जल गए।आग बुझाने के दो घंटे के बाद पुनः आग सुलग गई और आग पछुआ हवा पर विकराल रूप धारण कर लिया।ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी।अग्निशमन दस्ता व ग्रामीणों के प्रयास से दूसरी बार आग पर काबू पाया जा सका।किसी शरारती तत्वों द्वारा घटना को अंजाम देने की बातें बताई जा रही है।

## जेपीयू कुलपति से मिला युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मंगलवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जेपीयू कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई से डिग्री सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने, पीजी के सत्र 2020-22 फर्स्ट सेमेस्टर एवं 2021-23 के सेकंड सेमेस्टर परीक्षा परिणाम के सुधार,पीजी एवं युजी के ओल्ड कोर्स के वंचित छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित कराने समेत तमाम मुद्दों को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई के समक्ष रखा। युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी अमित नयन ने कुलपाथ महोदय को अवगत कराया की स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 फर्स्ट सेमेस्टर एवं 2021-23 के सेकंड सेमेस्टर के त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम को बिना सुधार किए पीजी के सेकंड एवं सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित करने की तैयारी विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही है। ऐसे में कई छात्र- छात्राओं को एडमिट कार्ड परीक्षा परिणाम आदि को लेकर मन में संसय हो रहा है। इसलिए आपसे निवेदन है कि त्रुटिपूर्ण रिजल्ट को जल्द से जल्द सुधार कराने की कृपा करें। ताकि छात्रों के परीक्षा संबंधित संसय मन में न रहे। साथ ही साथ कोविद कल में बहुत ऐसे छात्र विभिन्न कारणों से पीजी एवं युजी के परीक्षा देने से वंचित रह गए थे। इसलिए छात्र हित में इन्हें विशेष परीक्षा आयोजित किया जाए।कुलपति से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में अमित नयन, नंदन मिश्रा, नमिता, निक्की प्रिया कुमारी, संजय, रोशनी आदि थे।

विश्व टीकाकरण सप्ताह

# लक्ष्य के अनुरूप जिले में 89 प्रतिशत कराया गया संपूर्ण टीकाकरण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** टीकों की स्वीकार्यता को बढ़ाते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य को पूरा कर इसकी उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह यानी 24 से 30 अप्रैल तक प्रत्येक वर्ष विश्व स्तर पर टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि सदर अस्पताल में प्रशिक्षित एएनएम राशि कुमारी, संध्या कुमारी, सीमा कुमारी और निर्मला कुमारी के द्वारा प्रतिदिन सुबह के 9 से 4 बजे शाम तक टीकाकरण किया जाता है। क्योंकि गर्भवती माताएं और उनके होने वाले शिशुओं को कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के प्रभाव से मुक्त रखने में आज रोग रोधी टीकाकरण का महत्वपूर्ण योगदान है। क्योंकि इन टीकों की वजह से ही कभी आतंक का प्रयाय माने जाने वाले चेचक, खसरा, पोलियो, हैजा सहित कई अन्य जानलेवा बीमारियो के प्रभाव से आज हम खुद को पूरी तरह महफूज हैं। हालांकि बीमारियो को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के टीकों का आविष्कार मानवता के इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शुमार है। गर्भवती महिलाएं सहित नवजात शिशुओं को कई प्रकार की गंभीर बीमारियां संपूर्ण टीकाकरण कराने से प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों का जान बचाई जाती है।

**सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण का बेहतर इंतजाम: सिविल सर्जन:** सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण का बेहतर इंतजाम किया गया है। ताकि बच्चों को संपूर्ण टीकाकरण करा 12 तरह की बीमारियों से बचाया जा सके। जो सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सभी प्रकार की टीके प्रशिक्षित और अनुभवी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पूरी तरह से निःशुल्क दिया जाता हैं। ताकि बच्चों को विभिन्न बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में टीकाकरण कारगर साबित हो सकें।हैं। जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में टीकाकरण का उत्तम प्रबंध रहता है। उन्होंने यह भी बताया की जिले के सभी प्रखंडों में टीकाकरण से वंचित बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाता है।



**जन्मजात बच्चों को नियमित रूप के अंतराल पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कराया जाता है टीकाकृत: डीआईओ:** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि नवजात शिशुओं के जन्म के बाद बीसीजी, ओरल पोलियो और हेपेटाइटस बी का टीका लगाया जाता है। वहीं जब बच्चे 06 सप्ताह की उम्र के होते हैं, तो उन्हें डीपीटी- 1, आइपीवी- 1, ओपीवी- 1, रोटावायरस- 1, न्यूमोकॉकल कॉन्जुगेट टीकाकरण किया जाता है। लेकिन 10 सप्ताह पूरे होने के बाद डीपीटी- 2, ओपीवी- 2 व रोटावायरस- 2 दिया जाता है। जबकि 14 सप्ताह के बाद डीपीटी- 3, ओपीवी- 3, रोटावायरस- 3, आइपीवी- 2 और पीसीवी- 2 दिया जाता है। वहीं 09 से 12 महीने के अंदर जेई - 1, आईपीवी का तीसरा टीका साथ ही विटामिन ए की पहली खुराक दी जाती है। खसरा और रुबेला- 1 दिया जाता है। इसी तरह 16 से 24 माह पर खसरा- 2, डीपीटी बूस्टर- 1, ओपीवी बूस्टर दिया जाता है। पांच से छह साल पर डीपीटी बूस्टर- 2 टीके लगाए जाते है। दस तथा 16 वर्ष के बाद टेटनस एंड एडल्ट डिप्थीरिया टीकाकरण दिया जाता है।

**जिले में 89 प्रतिशत कराया गया संपूर्ण टीकाकरण: डीआईओ :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक 89 प्रतिशत संपूर्ण टीकाकरण कराया जा चुका है। जिसमें टीबी बीमारी से बचाव को लेकर 108173 बीसीजी के टीके लगाने के लिए लक्षित किया गया था लेकिन 86847 यानी 80 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया गया है। इसी तरह 93276 पेंटावेलेंट वैक्सीन, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, हेपेटाइटिस बी और एचआईबी, 88204 पीसीवी वैक्सीन, 97567 एमआर वैक्सीन, 95783 जेई वैक्सीन तो वही पोलियों से बचाव को लेकर 92934 जबकि रोटा वायरस के 91247 बच्चों को टीकाकृत किया गया है। टीकाकरण को लेकर सरकारी चिकित्सा संस्थान लोगों के सर्वात्तम विकल्प साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी सेंटर पर महीने में एक दिन बुधवार या शुक्रवार को आशा कार्यकर्ता और सेविका के सहयोग से एएनएम द्वारा टीकाकरण किया जाता है।



## भाजपा किसान मोर्चा ने चौपाल में दी योजनाओं की जानकारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सदर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरेश्वर सिंह ने विकसित भारत से समृद्ध किसान के हित मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। श्री सिंह ने किसानों को इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही । इस किसान चौपाल में चंदन कुमार,पुजा कुमारी,शिवम कुमार,धनेश्वर कुशवाहा,लक्ष्मीनारायण गुप्ता,विनय कुमार विमल,तथा सुमीत कुमार सहित कई किसान उपस्थित हुए।

## कुलपति ने जेपीएम व गंगा सिंह कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने लगातार दूसरे दिन विभिन्न महाविद्यालयों और स्नातकोत्तर विभागों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन केंद्र का भी एक बार फिर जायजा लिया। मंगलवार को कुलपति ने स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, भूगोल विभाग तथा जेपीएम कॉलेज व गंगा सिंह महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। माननीय कुलपति ने स्पष्ट शब्दों में अपनी प्रतिबद्धता दुहराते हुए कहा कि महाविद्यालयों में पठन-पाठन का वातावरण बनाया जाएगा तथा छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय परीक्षा भवन में चल रही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की। वे मूल्यांकन कार्य कर रहे प्राध्यापकों की समस्याओं से अवगत हुए इसके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग एवं भूगोल विभाग का निरीक्षण किया। जे पी एम में उन्होंने प्रयोगशाला और पुस्तकालय की भी जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। गंगा सिंह कॉलेज का औचक निरीक्षण भी किए वहां भी उन्होंने प्रयोगशालाओं सहित अन्य विभागों की बारीकी से जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो.हरिश्चंद भी उपस्थित थे।

## परीक्षा विभाग के कर्मचारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जे पी यू के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई ने मंगलवार को परीक्षा विभाग का औचक निरीक्षण करते हुए प्रशाखा पदाधिकारी सहित कुल 19 लोगों से स्पष्टीकरण के लिए पत्र निर्गत किया है। बताते चलें कि पूर्व में कुलपति के द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि अंक पत्र और औपबंधित प्रमाण पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों का तिथि वार क्रमबद्ध तरीके से निष्पादन कर दिया जाए। लेकिन मंगलवार के दिन औचक निरीक्षण के दरमियान कुलपति के द्वारा इन लोगों के कार्यों में घोर लापरवाही देखी गई जो कि कुलपति के आदेश का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। इस बाबत कुलपति के आदेश से कुल सचिव डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह ने पत्र निर्गत कर स्पष्टीकरण 1 दिन के अंदर देने को कहा है। जिन लोगों से स्पष्टीकरण पूछा गया है उसमेंप्रशाखा पधाधिकारी राजीव कुमार , सहायक मुकेश कुमार तिवारी, एजाज खान, रवि प्रकाश तिवारी , नि व लिपिक राजीव रंजन पाण्डेय , राकेश कुमार शर्मा ,शिवम ज्योति , प्रवीण कुमार , सहायक पंकज कुमार सिंह, राकेश कुमार,आदर्श कुमार, मानसून कुमार, आदेशपाल मनोज कुमार पाण्डेय, अंगद कुमार,ब्रजकिशोर कुमार,अभय कुमार , सुधीर कुमार पटेल ,रणधीर कुमार यादव तथा डाटा इंट्री ऑपरेटर अजय कुमार शामिल है।

## सारण जिला वैश्य महासभा ने सारण से एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी को दिया अपना समर्थन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिला वैश्य महासभा ने विज्ञप्ति जारी कर छपरा सारण के एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। दो मई को राजीव प्रताप रूडी के होने वाले नामांकन में सभी वैश्यों से बढ़कर भाग लेने की अपील की है। वैश्य समाज के सभी लोग नामांकन में बढ़-चढ़ कर कर भाग लेंगे। समर्थन करने वालो में गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, सुपन प्रसाद बिहारी, छठी लाल प्रसाद, श्याम बिहारी अग्रवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र साह, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, राजू कुमार ब्याहुत, धर्मनाथ पिंटू, वरुण प्रकाश, मनीष कुमार जायसवाल, देवेश कुमार, जय प्रकाश गुप्ता, पिंटू कुमार गुप्ता, राजेश फैशन, ददन प्रसाद, संजीव कुमार, राजेश कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राजेश नाथ प्रसाद, संजय कुमार आर्या, राज कुमार, सर्वेश कुमार, अजीत कुमार स्वर्णकार, सुजीत कुमार मोर, सुनील कुमार ब्याहुत आदि है।




## बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया भौतिक सत्यापन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मशरक प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता एवं मतदान दल की सुविधा के लिए सभी आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बीडीओ पंकज कुमार ने बहरौली , चांद कुदरिया, कर्ण कुदरिया,गंगौली में दो दर्जन मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन बीडीओ द्वारा किया गया। जहां आवश्यक बुनियादी सुविधा के तहत रैंप, शौचालय, पेयजल एवं विद्युत कनेक्शन आदि की उपलब्धता का सत्यापन किया गया। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर बूथों पर पीने के पानी के लिए चापाकल, शौचालय और गर्मी की वजह से तेज धूप से बचने के लिए छायादार इंतेजार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी विभागों में लोकसभा चुनाव को लेकर समुचित तैयारी चल रही है।



# अलग-अलग हुई अगलगी में एक गुमटी समेत चार घर जले, लाखों की क्षति

### महम्मदा में लगी आग से गाय बचाने गए एक अधेड़ की झुलसने से मौत

**सिवान** ~ जिले में अलग-अलग हुई अगलगी की घटना में तीन झोपड़ीनुमा घर तथा एक गुमटी में आग लगने से उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं अगलगी की घटना के बाद गाय को बचाने के दौरान एक व्यक्ति की आग से झुलसने से मौत हा गई। मृतक की पहचान भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र क महम्मदा मौजे टोला निवासी सत्यदेव मांझी के रूप में हुई। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार भगवानपुर हाट प्रखंड क्षेत्र के महम्मदा पंचायत के महम्मदा गांव के मौजे टोला में मंगलवार को अचानक आग लग गई। अभी लोग कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान घर में बंधी एक गाय एवं चार बकरियों को बचाने के दौरान गृहस्वामी सत्यदेव मांझी बुरी तरह झुलस गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में उनकी तीन बकरियों की भी झुलसने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीओ धीरज कुमार पांडेय, 112 नंबर की पुलिस टीम, एंबुलेंस तथा दमकल की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंच राहत कार्य में जुट गई। ग्रामीण शंभू ने बताया कि इस घटना में मृतक सत्यदेव मांझी एवं रामनाथ मांझी तथा राजनाथ मांझी का घर जल गए हैं। इस दौरान घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत लाखों की संपत्ति जलकर कर राख हो गई। इस घटना में कि सत्यदेव मांझी अपनी गाय एवं बकरियों को जलने से बचाने के लिए घर के अंदर घुस गए और आग से घिर कर झुलस गए जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। तीनों परिवार काफी गरीब हैं। पीड़ित परिवार को सीओ द्वारा तत्काल राहत सामग्री मुहैया की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि सत्यदेव मांझी की पुत्री की शादी जुलाई माह में थी जिसकी तैयारी चल रही थी। सभी इस अगलगी की भेंट चढ़ गई। वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित नार्थ बिहार पावर सब स्टेशन पर आग लगने से अफरातफरी मच गई। तेज पछुआ हवा के कारण विद्युत आपूर्ति उपकेंद्र के पश्चिमी चारदीवारी के पास हाई टेंशन तार आपस में टकरा जाने से शार्ट सर्किट होने से चारदीवारी के बाहरी भाग में आग लग गई। उपकेंद्र पर मौजूद कर्मियों द्वारा द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।वहीं गुठनी प्रखंड मुख्यालय स्थित चौराहे पर फल दुकान में आग लगने से करीब 50 हजार की संपत्ति जलकर राख हो गई। पीड़ित नथुनी राजभर ने बताया कि आग कैसे लगी इस घटना का पता नहीं चल पाया है।

### अगलगी में हजारों की संपत्ति जली

**हसनपुरा (सिवान)** ~एमएच नगर थाना के मेरही गांव में सोमवार की रात आग लगने से घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत सभी सामान जलकर राख हो गए। वहीं आग बुझाने के दौरान उनकी पत्नी लक्ष्मीना देवी मामूली रूप से झुलसने से घायल हो गई।बताया जाता है कि दीपू बैठा के छत पर खाना बनाने के दौरान आग लगी, उसके बाद आग पारस बैठा के भुसौल में लग गई। इसके बाद हरि शंकर सिंह का उपला में आग पकड़ ली। इस दौरान अफरातफरी मच गई। बाद में

## रतन पड़ौली में 28 अग्निपीड़ित परिवार को प्रशासन ने चिह्नित कराई किचन की व्यवस्था

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~ प्रखंड क्षेत्र के सराय पड़ौली पंचायत के रतन पड़ौली गांव में सोमवार को लगी आग से हुई नुकसान का दूसरे दिन भी सीओ धीरज कुमार पांडेय के नेतृत्व में आकलन किया गया। सीओ के उपस्थिति में घटना के दूसरे दिन मंगलवार को सामूहिक किचन की व्यवस्था की गई थी, जहां प्रभावित परिवार को भोजन, पानी, दूध की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई। सीओ ने बताया कि अभी तक 28 प्रभावित परिवारों की सूची तैयार की गई है। अभी भी छूटे की पहचान काम जारी है। उन्होंने बताया कि 20 परिवार को सोमवार की शाम में ही तिरपाल मुहैया करा दिया गया। उन्होंने बताया कि अग्नि प्रभावित चिह्नित परिवार को तत्काल 12 हजार रुपया अनुदान राशि के रूप में वरीय अधिकारी के निर्देश के आलोक में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर एक दमकल तथा मेडिकल टीम कैंप कर रही है। इस बड़ी घटना के दूसरे दिन भी महिलाओं एवं बच्चों के रोने की आवाज सुनाई दे रही थी जो माहौल की बोझिल कर दे रहा था। 200 से अधिक लोगों का भोजन सामूहिक किचन में मुहैया कराने की व्यवस्था की गई है।

अगलगी में मो. हासिम, शंभू यादव, योगेंद्र यादव, हरेंद्र यादव, उमेश यादव, बैजनाथ यादव, जीतन यादव, मनोज यादव, हरि महतो, देव नगर महतो, सवालिया महतो, रामनाथ महतो, रामजी महतो, एजाज अहमद, हैदर अहमद, मो. सफी, हरिकिशोर महतो आदि के घर सहित नकदी और अनाज जल कर राख हो गए हैं। वहीं उमेश महतो और हरिकिशोर महतो अपनी पुत्री की शादी की तैयारी में लगे हुए थे। इसको लेकर घर में कपड़ा, सामान, आभूषण सहित सहित अन्य सामान की खरीददारी कर रखे थे। वे सभी सामान जलकर राख हो गए हैं।

## गर्म हवाओं ने बढ़ाई परेशानी, दोपहर में कर्फ्यू जैसी हालात

**सिसवन (सिवान)**~पिछले एक सप्ताह से अधिक दिनों से पछुआ की गर्म हवा से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। इसके कारण न दिन को चैन मिल रहा है और न ही रात को। बीते दिनों की तुलना में मंगलवार को हवा की गति तेज थी। परंतु अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। जबकि दो दिनों से यह 42-43 डिग्री सेल्सियस पर टिकी थी। वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है।अप्रैल महीने में सूरज की किरणों ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। महीने की अंतिम सप्ताह में चली गर्म हवाओं ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। उसी में होने वाली अगलगी की घटनाएं उन्हें बेचैन की हुई है। प्रखंड के सिसवन निवासी अजीत सिंह, चैनपुर निवासी विजय पटेल, दीपक प्रसाद, राजेश प्रसाद आदि का कहना है कि जिस दिन हवा का बहाव अधिक रहता है उस दिन अगलगी की घटनाओं का व्यापक असर बना रहता है। पिछले पांच-छह सालों में अप्रैल का महीना इतना अधिक गर्म कभी नहीं रहा है। इस बार महीने के पहले पखवारे में ही मौसम की तपन काफी बढ़ गई थी। यह और बात है कि बीच में हवाओं के करवट लिए जाने से तापमान में उतार-चढाव भी होते रहा। बढ़ी गर्मी ने हर किसी का चैन छीन ली है। लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हुई है। दरअसल सुबह नौ बजे से ही सूर्य का तपना शुरू हो जा रहा है। दोपहर होते-होते धूप पूरी तरह लोगों को चुभने लगती है। आलम यह है कि लोग धूप में निकलने से कतरा रहे हैं, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। कहीं शाम चार-पांच बजे के बाद ही सड़कों पर चहलपहल देखने को मिल रही है।

### भूमि कब्जा करने के विवाद में मारपीट

**सिवान ।** एमएच नगर थानाक्षेत्र के हाता धनौती गांव में मंगलवार को निजी जमीन को कब्जा करने की नीयत से खोप रखने व ट्रैक्टर से जोताई करने से मना करने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया।इस मामले में पीड़ित दशरथ पंडित ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने आरोप लगाया है कि मेरा कुछ काश्तकारी जमीन है जिसे कब्जा करने की नीयत से मेरे पट्टीदार खोप रख रहे थे और ट्रैक्टर से जोताई कर रहे थे। जब इसका विरोध किया तो ट्रैक्टर चालक रविकांत पड़ित ने जान से मारने की नीयत से मुझे ट्रैक्टर से ठोकर मार कर घायल कर दिया। इसके बाद लालबहादुर पड़ित, श्यामबहादुर पड़ित, पप्पू पड़ित, कमल पड़ित आदि सहित दर्जनों की संख्या में लाठी डंडे से लैस होकर आए लोगों ने मेरे साथ मारपीट की। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों का उपचार गुरुजवा जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि इस मामले में मिले आवेदन देकर के आधार मामले की जांच की जा रही है।

## मिलिट्री व अर्द्धसैनिक बल में जाने को ले किया गया जागरूक

**बसंतपुर (सिवान)** ~आपदा प्रबंधन जीवन रक्षक संस्थान बसंतपुर सिवान के सौजन्य से मलमलिया-बसंतपुर नहर पुल के समीप स्थित रिबेल इंस्टीट्यूट मलमलिया में मंगलवार को संस्थान के सचिव सह बसंतपुर पैक्स अध्यक्ष बालेश्वर राय के नेतृत्व में निःशुल्क प्री-मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष सह आईटीबीपी सदस्य चंदन प्रसाद ने युवाओं को फौज में जाने के लिए युवाओं को जागरूक किया। उन्होंने राष्ट्र सेवा सर्वोपरि के तहत नौजवान युवाओं एवं युवतियों को फौज में जाने के लिए कान, कद, हाथ, पांव, आंख, दांत, वजन, कलर ब्लाइंड आदि जैसे कमियों को निःशुल्क मेडिकल जांच में बताते हुए कई टिप्स दिए। साथ ही सेना में भर्ती के लिए उनके स्वास्थ्य को परख कर उन्हें महत्वपूर्ण टिप्स दिया। संस्थान के सचिव सह फिजिकल इंस्ट्रक्टर बालेश्वर राय ने बताया कि मिलिट्री मेडिकल फिटनेस टेस्ट में 50 छात्र-छात्राओं का चेकअप किया गया। इसके अलावे बसंतपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रति दिन सुबह साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक निःशुल्क योगाभ्यास एवं फिजिकल की तैयारियां कराई जा रही है। इस मौके पर अध्यक्ष संजीत कुमार, उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, संयुक्त कोषाध्यक्ष रवींद्र कुमार व बिट्टू कुमार, संयुक्त सचिव धीरज प्रसाद व जितेंद्र कुमार, सदस्य आदित्य कुमार, सोनू कुमार, पवन कुमार, अरविंद कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### गिट्टी व ईट हटाने के विवाद मारपीट

**हसनपुरा (सिवान)** ~ एमएच नगर थाना क्षेत्र के रजनपुरा गांव में एक निजी जमीन पर कब्जा करने की नियत से ईंट व गिट्टी को हटाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में रजनपुरा निवासी पवित्रा देवी ने थाना में आवेदन चार लोगों को नामजद किया है। उसने आवेदन में कहा है कि मेरे घर के सामने कुछ काश्तकारी जमीन है जिस पर मेरे ही गांव के मुकेश भगत, राकेश भगत, राजेश भगत व अमरजीत भगत ने कब्जा करने की नीयत से ईंट व गिट्टी रख दिए थे। जब मैं उसे हटाने के लिए कही तो सभी आगबबूला हो गए और मेरे घर सामने एक पपीता के पेड़ को काट दिया तथा वे अपना जमीन बताते हुए मेरे तथा मेरे पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया।

## एमओवाइसी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**हसनपुरा (सिवान)** ~ आगामी लोकसभा चुनाव को ले जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओ, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी सेक्टर पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमओवाइसी डा. अभय कुमार के नेतृत्व में सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। दौरान स्वास्थ्य कर्मियों में संवाद एवं सेल्फी का कार्यक्रम का आयोजन कर शपथ दिलाया गया। कहा कि 25 मई को मतदान कर जिले की शान बढ़ाए, चलो चले मतदान करें। इस मौके पर डा. नफीस अहमद, स्वास्थ्य प्रबंधक गुलाम रब्बानी, लिपिक विजेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, दिलीप कुमार, सुनीता कुमारी, रामरतन, मनोज कुमार, निर्मल पासवान, शाहिद अहमद, वकील अहमद, जाफर अहमद व मुजफ्फर सिवानी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत मामले में तीसरे दिन नहीं हुई प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग एसएच 89 पर गोपालपुर स्थित चिउरा मिल के समीप 27 अप्रैल की रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक दिलदार गुप्ता की मौत हो गई थी। वे मूलरूप से रघुनाथपुर के निवासी थो जो बचपन से अपने मामा छठू साह के घर गोपालपुर में रहकर सब्जी बेचने का कार्य करता था। घटना के तीन दिन बीतने के बावजूद भी मृतक के स्वजन द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि घटना के तीसरे तीन भी स्वजनों द्वारा अभी तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत मामले में तीसरे दिन नहीं हुई प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)** ~ थाना क्षेत्र के सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग एसएच 89 पर गोपालपुर स्थित चिउरा मिल के समीप 27 अप्रैल की रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक दिलदार गुप्ता की मौत हो गई थी। वे मूलरूप से रघुनाथपुर के निवासी थो जो बचपन से अपने मामा छठू साह के घर गोपालपुर में रहकर सब्जी बेचने का कार्य करता था। घटना के तीन दिन बीतने के बावजूद भी मृतक के स्वजन द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि घटना के तीसरे तीन भी स्वजनों द्वारा अभी तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लापता किशोर का नहीं मिला सुराग, स्वजन परेशान

**सिवान**। दरौली प्रखंड के सिंघपुर गांव से लापता किशोर का मंगलवार को पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इससे स्वजन काफी परेशान हो हैं। बताते चले कि 26 अप्रैल को किशोर सिंघपुर गांव से अचानक लापता हो गया है। स्वजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बावजूद उसका कहीं पता नहीं चला। लापता किशोर की दरौली प्रखंड के गुमावर निवासी रामदुलार साहनी का पुत्र राजन कुमार साहनी है। वह किशोर सिंघपुर अपने मामा के घर गया हुआ था जहां से लापता हो गया है। वहीं स्वजनों ने इसकी सूचना असांव व दरौली थाना की दी है।

## पत्नी की स्मृति में स्वास्थ्य केंद्र को कराया व्हीलचेयर व अन्य सामान

**बसंतपुर (सिवान)** ~ थाना क्षेत्र के मठिया निवासी गजेंद्र प्रसाद ने अपनी पत्नी अंजू देवी की नौवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र के लिए व्हीलचेयर तथा अन्य सामान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुमार रवि रंजन को सौंपा।

इस अवसर पर अपनी मां अंजू देवी को याद करते हुए डाक्टर देशराज विक्रांत सिंह ने कहा कि मां की स्मृति में ये सभी सामान को स्वास्थ्य केंद्र को सौंपने पर मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों के लिए 150 पाकेट पानी और जलपान भी उपलब्ध कराया गया पुनः आने वाले समय में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को कुछ और सामान सौंपने के लिए वादा किया। इस मौके पर ममता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दारौंदा- महाराजगंज सड़क पर गिरा पेड़, यातायात प्रभावित

**दारौंदा (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के उजायं गांव के समीप दारौंदा-महाराजगंज मुख्य पथ पर मंगलवार की दोपहर में तेज हवा के कारण बरगद का विशाल पेड़ सड़क के बीचोंबीच पर गिर गया। इसके बाद अफरातफरी मच गई। इस दौरान दो लोगों को हल्की चोट लगी है जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं पड़े गिरने से आवागमन बाधित है। राहगीर अपने गंतव्य स्थल पर जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का सहारा लेते देखे गए। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद वन विभाग के कर्मी आकर पेड़ को हटाने का प्रयास कर रहे हैं।

## घर का दरवाजा तोड़ शादी का आभूषण व कपड़े की चोरी, पूछने पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**हसनपुरा (सिवान)** ~एमएच नगर थाना क्षेत्र के पड़री गांव में 28 अप्रैल को घर का दरवाजा तोड़ कर घर में रखा शादी का गहना व कीमती कपड़े की चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान पड़री निवासी राजू यादव की पत्नी सुनीता देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही चार लोगों को आरोपित की है। आवेदिका ने आरोप लगाया है कि हम सब परिवार सिवान में रहते हैं। जब हम अपने पैतृक निवास पड़री गांव आई तो देखी कि मेरे घर के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है और घर में सामान बिखरा हुआ है। घटना की सूचना आसपास के लोगों को दी। जब मैं पचरुखी थाना के सादिकपुर निवासी अपनी ननद आशा देवी व भांजा के साथ पट्टीदार से पूछने गई तो अजय यादव, मनोज यादव, हरेराम यादव व प्रभावती देवी ने एकजुट होकर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे मेरे भांजा का सिर फट गया और मेरे ननद के साथ दुर्व्यवहार करते हुए मंगलसूत्र छीन लिया। इस बाबत थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया की लिखित आवेदन पर प्राथमिकी कर ली गई। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## एसडीओ व एसडीपीओ ने चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~ एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, बीडीओ कुमार विशाल ने मंगलवार को एनएच 227 ए स्थित हसनपुरा- मशरख थाना सीमा स्थित एवं एनएच 331 स्थित सहाजितपुर थाना के पिंडरा सीमा पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। एफएसटी एवं एसएसटी से संबंधित दिशा निर्देश तैनात अधिकारियों को दिए। वहीं बीडीओ कार्यालय कक्ष में बीडीओ की अध्यक्षता में आपदा एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाली कार्यक्रमों का अनुश्रवण तथा सघन मतदाता जागरुकता अभियान चलाने का सख्त निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर सीओ धीरज कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल आदि उपस्थित थे।

